**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.07.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- संसद का मानसून सत्र आज से शुरू। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। संसद में श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, नक्सलवाद और यूपीआई का भी जिक्र किया।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण में मुख्य सचिव ने रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। पौधों के संरक्षण के लिए बीएसआई की प्रशंसा की।
- विकास पहलों की समीक्षा के लिए भारतीय स्टेट बैंक की टीम ने गुप्तापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया।
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुआ फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन–आज बारह फुटबॉल मैच खेले गए।

**<><><><><><><>**

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। यह सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल इक्कीस बैठकें होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत हासिल किया। प्रधान मंत्री ने कहा कि पहलगाम की क्रूर हत्या, अत्याचार, नरसंहार पूरी दुनिया चौक उठी थी। दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद से लेकर नक्सलवाद तक बहुत सी हिंसक चुनौतियों का सामना किया है लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने हमारे देश का संविधान जीत रहा है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए साफ दिख रहा है कि कल तक जो रेड कॉरिडोर थे, वो आज ग्रीन ग्रोथ जोन में परिवर्तित होते नजर आ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि कई देशों में यूपीआई की लोकप्रियता बढ़ने के साथ डिजिटल भारत, विश्व में धूम मचा रहा है। रियल टाइम, डिजिटल ट्रांजेक्शन दुनिया में सबसे ज्यादा हो रहे हैं। दुनिया में जितने हो रहे हैं, अकेले भारत में उससे ज्यादा हो रहे हैं।

**<><><><><><><>**

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा छियहत्तरवें वन महोत्सवमें "एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर वृक्षारोपण अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य एक हरित और स्वस्थ ग्रह (पृथ्वी) के लिए पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक डॉ.संजय कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर किया और रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सचिव (कृषि) पल्लवी सरकार ने भी रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्य सचिव ने पौधों के संरक्षण के लिए बीएसआई के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने जागरूकता रैली में भाग लेने वाले जेएनआरएम के नेचर कैंप के छात्रों और एनसीसी कैडेट्स से बात की और उन्हें जैव विविधता के संरक्षण, हरित क्षेत्र के संवर्धन और आम जनता तक वैज्ञानिक जानकारी पहुँचाने में सामूहिक जिम्मेदारी की भूमिका पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। रैली में बॉटनिकल गार्डन से शुरू होकर विभिन्न आवासीय क्षेत्रों से होते हुए नया शहर स्थित सुनामी शेल्टर पर समाप्त हुई और फलदार वृक्षों, विशेष रूप से कोकम, कत्थाफल, आम आदि के पौधे वितरित किए गए।

**<><><><><><><>**

एसबीआई टीम ने विकास पहलों की समीक्षा के लिए गुप्तापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पोर्ट ब्लेयर की एक उच्च स्तरीय टीम ने क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू के नेतृत्व में यूटीएलबीसी के मुख्य प्रबंधक पी.के. उमर फारुक, मुख्य प्रबंधक के.एन. राजू और आरएसईटीआई के निदेशक सी. राज के साथ आज दक्षिण अंडमान के गुप्तापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और क्षेत्र के अन्य निर्वाचित पंचायती राज संस्थान (पीआरआई) सदस्यों ने टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। दौरे के दौरान, टीम ने मंगलुटन स्थित कब्रिस्तान सहित कई प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। टीम ने गुप्तापाड़ा जंक्शन और गुप्तापाड़ा स्थित फिश लैंडिंग जेट्टी का भी दौरा किया। मंजेरी गाँव के निवासियों, विशेष रूप से इसके सबसे

दूरदराज के इलाकों में रहने वालों की बैंकिंग ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए गुप्तापाड़ा जंक्शन पर एक नई एसबीआई शाखा खोलने का आश्वासन भी दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक क्षेत्र की प्राथमिक और माध्यमिक छात्राओं के लिए "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर–विद्यालय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आज जंगलीघाट स्कूल मैदान और भातुबस्ती स्कूल मैदान में आयोजन किया गया। जंगलीघाट मैदान में मुख्य अतिथि निदेशक विक्रम सिंह ने छात्राओं को प्रेरित किया और उन्हें फुटबॉल का अभ्यास करने और प्रतिदिन 400 से अधिक किक मारने का प्रयास करने के लिए कहा। भातुबस्ती में शिक्षा निदेशालय के मुख्य संचालन अधिकारी ज्ञानशील दुबे ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आज कुल 12 मैच खेले गए।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक ओपन ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया। वैश्विक थीम "हर चाल मायने रखती है" के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शतरंज के खेल में निहित रणनीतिक गहराई और जीवन के सबक पर प्रकाश डाला गया – जहाँ हर निर्णय मायने रखता है, चाहे वह शतरंज का बोर्ड पर हो या बाहर। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद थे, जबकि आईआरबीएन के सहायक कमांडेंट नरसिंह मूर्ति विशिष्ट अतिथि थे। इस आयोजन में लगभग 200 शतरंज प्रेमियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में युवान सिंह विजेता बनकर उभरे और पहला स्थान प्राप्त किया। अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के महासचिव श्री नीलैया ने कहा कि शतरंज और जिंदगी लगभग एक जैसे हैं और जीवन में हर चाल मायने रखती है।

<><><><><><><>

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत चिकित्सा मूल्यांकन शिविर उनतीस जुलाई से दो अगस्त तक दक्षिण अंडमान के स्कूलों में कक्षा बारह तक के लिए आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में चिकित्सा अधिकारी और एलिम्को टीम बच्चों का मूल्यांकन करेगी। एडीआईपी–एसएसए योजना के तहत सहायता और उपकरणों की सिफारिश करेगी और उन छात्रों का चयन करेगी, जिन्हें इन उपकरणों की आवश्यकता है।

<><><><><><><>

टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए शिक्षा में चार वर्षीय यू.जी.एड. कार्यक्रम के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अनंतिम मेरिट सूची कल प्रकाशित की जाएगी और सभी सम्बन्धित जानकारी के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त तिथि एवं समय पर टीजीसीई सभागार में काउंसलिंग में उपस्थित हों।

<><><><><><><>